# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

# ई समाचार पत्र



## दिसम्बर-फरवरी-2026

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर जिला कांगड़ा (हि.प.)

असतो मा सद्गमया

**प्रकाशन संख्या 09**

**www.gdcshivnagar.in**

# विषय सूची

विश्व एड्स दिवस
विशेष व्याख्यान
एक दिवसीय शिविर
शैक्षणिक भ्रमण
लोक गायन प्रतियोगिता
सप्त दिवसीय शिविर
अन्तर महाविद्यालीय खेल प्रतियोगिता
वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता
अन्तर महाविद्यालीय प्रतियोगिताएं
सृजनोत्सव
स्टोन पंटिंग प्रतियोगिता
शपथ ग्रहण कार्यक्रम
छात्र संवाद
रोजगार मेला
प्रश्नोतरी प्रतियोगिता
स्टेटसटिक्स जागरूकता अभियान
महिला दिवस
रैंप वॉक
वार्षिक पारितोषिक वितरण

# विश्व एड्स दिवस

विश्व एड्स दिवस प्रति वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है। इसी क्रम में राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में एड्स दिवस के अवसर पर रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस साल की आधिकारिक थीम "व्यवधान पर विजय, एड्स प्रत्युत्तर में सुधार" (Overcoming disruption, transforming the AIDS response) रखी गई है। यह थीम पिछली उपलब्धियों को सुरक्षित रखने और स्वास्थ्य सेवाओं में आने वाली बाधाओं को दूर करने पर जोर देती है। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में मानव श्रृंखला बनाना और हाथ पर चित्रकारी बनाना शामिल रहा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने एड्स के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए इस दिन के महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर एड्स के प्रति सभी को जागरूक किया। जिसके बाद विद्यार्थियों ने टीम बनाकर हाथ पर चित्रकारी इस बार की थीम 'बाधाओ को पार करते हुए एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन' के अनुसार एड्स जागरूकता सम्बन्धी विभिन्न चित्रों को उकेरा। यह कार्यक्रम अत्यंत ही सफल रहा और नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों में एड्स के प्रति जागरूकता पैदा हुई।






# विशेष व्याख्यान

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 1 और 2 दिसंबर को दो दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। हिन्दी विभाग और आई. क्यू. ए. सी. के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुए इस श्रृंखला में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह और मुख्य वक्ता के रूप में कस्तूरी संस्था के सचिव, साहित्य एवं कला अध्येता विशाल पाण्डेय उपस्थित रहे। पहले दिन व्याख्यान का विषय 'लोक साहित्य में राम' रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ता के स्वागत के साथ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। डॉ. संगीता सिंह ने राम के मर्यादावादी रूप को आज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए मुख्य वक्ता का स्वागत किया। विशाल पाण्डेय ने लोक साहित्य का परिचय देते हुए लोक के राम का शिव और शक्ति से जुड़ाव बताया और राम के लोकवादी रूप पर प्रकाश डाला। दूसरे दिन व्याख्यान का विषय 'उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसर' रहा जिस पर बोलते हुए मुख्य अतिथि ने आज के डिजिटल युग में विभिन्न स्टार्ट अप के बारे में बताते हुए कौशल विकसित करने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता ने उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न फीलोशिप से विद्यार्थियों को परिचित कराया और आज के युग में रोजगार के अनेक अवसरों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. राजेश कुमार और डॉ. योगेश पाण्डेय ने प्राचार्या महोदया के साथ मुख्य वक्ता का स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद किया। यह श्रृंखला अत्यंत ही सफल और ज्ञानवर्धक रही।





# एक दिवसीय शिविर

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 3 दिसंबर को एक दिवसीय शिविर और गाँव भ्रमण का आयोजन किया गया।जिसका प्रमुख उद्देश्य स्वयंसेवकों में सामुदायिक सेवा की भावना जगाना, ग्रामीण जीवन की समस्याओं को समझना, और श्रमदान तथा साक्षरता के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई कर प्लास्टिक मुक्त परिसर के लिए श्रम किया। इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह की प्रेरणा से एन. एस. एस. के स्वयंसेवी रेड रिबन क्लब के साथ मिलकर गुंगड़ गाँव पहुँचे जहाँ उन्होंने नशे खिलाफ और एड्स के प्रति जागरूकता अभियान चलाया, पदयात्रा निकाली और लोगों को जागरूक किया। गाँव में प्लास्टिक को उठा साफ सफाई भी की। एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पाण्डेय और रेड रिबन संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा ने प्रो राजेश कुमार के साथ मिलकर पदयात्रा की अगुवाई की।






# शैक्षणिक भ्रमण

यात्राएं सीखने का सबसे कारगर तरीका होता है जिसमें हम जीवंत अनुभव द्वारा अनेकों जानकारियों से समृद्ध होते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए 6 दिसंबर को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर ने महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संगीता सिंह की प्रेरणा से शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। सबसे पहले विद्यार्थियों का समूह प्राध्यापकों के साथ 'बाँस कला' देखने पंचरुखी पहुँचा जहाँ बाँस से बनी विभिन्न कालाएं और हस्तशिल्प देखकर वह प्रेरित हुए। इसके बाद शोभा सिंह आर्ट गैलरी में पहुँच कर चित्रकला से परिचित हुए और नई जानकारी प्राप्त की। अंत में मछीयाल में जाकर जलापन किया और महाविद्यालय वापस आए। इस यात्रा में छात्र-छात्राओं ने कई नवीन जानकारी प्राप्त की और यह यात्रा अत्यंत ही सफल रही।








# लोक गायन प्रतियोगिता

विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और विकास के लिए अपने महाविद्यालय से इतर अन्य महाविद्यालयों में भी जाकर अपनी कला का परिचय देना बहुत जरूरी होता है।इसी क्रम में राजकीय महाविद्यालय थुरल में आयोजित अंतर महाविद्यालय लोक गीत गायन प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय शिवनगर की बी.कॉम की छात्रा पायल ने शानदार प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान हासिल किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. संगीता सिंह ने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गौरव और हर्ष की बात है। लोक संगीत के संरक्षण और संवर्धन के प्रयास में महाविद्यालय के प्रयासों में यह महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने संगीत विभाग के प्राचार्य डा. उज्ज्वल सिंह और पुरस्कार विजेता छात्रा को प्राचार्य ने बधाई दी



# सप्त दिवसीय शिविर

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्त दिवसीय शिविर 9 दिसंबर को हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ। इस शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों ने समाज सेवा का लिया संकल्प। 15 दिसंबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का हर्षोल्लास और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विधिवत समापन हो गया। "नॉट मी बट यू" (Not Me But You) के संदेश के साथ आयोजित इस शिविर में स्वयंसेवकों ने सामुदायिक विकास और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी की। शिविर के दौरान, स्वयंसेवकों ने  गांव में विभिन्न श्रमदान गतिविधियों में भाग लिया। स्वच्छता अभियान और परिसर की सफाई, वाटिका निर्माण, वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम, जागरूकता और बौद्धिक सत्र, आपदा प्रबंधन, नैतिक मूल्य, प्राणिक हीलिंग, नशा विरोधी अभियान आदि सम्बन्धी गतिविधियां हुई । इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करना और उन्हें ग्रामीण जीवन से जोड़ना था। शिविर में प्रतिदिन अनेक वक्ताओं व अतिथियों ने उपस्थित रहकर स्वयंसेवियों का ज्ञानवर्धन किया। समापन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य आर. आर. भाटिया रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पाण्डेय ने सात दिवसीय शिविर की विस्तृत रिपोर्ट और गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा किए और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें कविता पाठ, समूह नृत्य और नाटक शामिल थे। मुख्य अतिथि ने अपने अनुभवों के माध्यम से स्वयंसेवियों समाज और प्रकृति से जुड़ने को प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि और महाविद्यालय की प्राचार्या ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी समाज सेवा जारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके बाद सभी स्वयंसेवक जीवन भर के लिए संजोने योग्य यादों और सीख के साथ अपने घरों को लौटे।



# अन्तर महाविद्यालीय खेल प्रतियोगिता

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के छात्रों ने राजकीय महाविद्यालय विलासपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालयी खेल प्रतियोगिता में सहभागिता की। महाविद्यालय की प्राचार्या के निर्देश से प्राध्यापकों के साथ तीन छात्रों युवराज, प्रिन्स और अभय ने इस प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। दौड़, भाला फेंक, लम्बी कूद आदि में प्रतिभागियों ने भाग लिया और अच्छा प्रदर्शन करते हुए खेल भावना सीखी। वापस आने पर प्राचार्या महोदया ने प्रतिभागियों को खेल का महत्व बताते हुए उनके प्रदर्शन और कोशिश के लिए बधाई दी।






# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 23 दिसंबर 2025 को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत संयोजक प्रो. राजेश कुमार ने मार्च पास्ड के साथ कराई। रोवर-रेंजर, रोड सेफ्टी और एन एस एस के स्वयंसेवियों ने मार्च पास करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूबेदार जरनैल सिंह को सलामी दी। मार्चपास में रोवर-रेंजर समूह प्रथम स्थान पर रहा। मार्च पास के बाद सभी विधार्थियों ने अपने भीतर उत्साह और खेल भावना की शपथ लेते हुए 'खेल को हाँ और नशे को न' कहा। डॉ. संगीता सिंह ने सभी को सम्बोधित करते हुए खेल का महत्त्व बताया और विधार्थियो को खेल के लिए प्रेरित करते हुए आज के आयोजन के लिए आयोजक और प्रतिभागियों को शुभकामनायें दीं। मुख्य अतिथि सेवानिवृत आर्मी पर्सन श्री. जरनैल सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ 100 मी. दौड़ के साथ हुआ। प्रतियोगिताओं के बाद प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह और मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ खिलाडी( लड़के) के रूप में युवराज को चुना गया और सर्वश्रेष्ठ खिलाडी( लड़की) के रूप में रितिका को चुना गया। इस सफल आयोजन के बाद सभी को जलपान देकर वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का समापन हुआ।







# अन्तर महाविद्यालीय प्रतियोगिताएं

अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता एक ऐसा मंच है जहाँ विभिन्न कॉलेजों के छात्र अपनी प्रतिभा, कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए एक साथ आते हैं। यह केवल जीत-हार के बारे में नहीं है, बल्कि यह सीखने, नेटवर्किंग और व्यक्तित्व विकास का एक शानदार अवसर होता है। राजपुरा महाविद्यालय में 26-27 जनवरी 2025 को आयोजित ऐसी ही प्रतियोगिताओं में राजकीय महाविद्यालय शिवनगर की 4 छात्राओं ने शिरकत की। इन प्रतियोगिताओं में शिवनगर का प्रदर्शन सराहनीय रहा। पल्लवी और तम्मना को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा पलक को काव्यपाठ प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा भाषण प्रतियोगिता में देवांशी को भी प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। शिवनगर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और ऐसे ही मेहनत करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



# सृजनोत्सव

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर की CSCA (कॉलेज स्टूडेंट सेंट्रल एसोसिएशन) ईकाई द्वारा सृजनोत्सव 2025-26 छात्रों द्वारा बड़ी धूम - से मनाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में भूमिका निभाई। प्राचार्या ने कहा कि हमारा कॉलेज हमेशा से समग्र विकास का एक पोषक स्थान रहा है, और ऐसे आयोजन हमें यह याद दिलाते हैं कि शिक्षा केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपनी प्रतिभा को खोजने और निखारने के बारे में भी है। CSCA की प्रधान देवांशी ने महाविद्यालय में किए गए विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए प्राचार्य का धन्यवाद किया। तदोपरांत लोक नृत्य में एकल नृत्य और समूह नृत्य के साथ गायन की विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों ने खूब समा बांधा। इस अवसर पर नशे के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़-नाटक का भी मंचन नाट्य मंडली द्वारा किया गया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ लिखनू प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की गई। इसके साथ 26-27 दिसंबर को राजपुर महाविद्यालय में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता और प्रतिभागियों की सराहना की गई। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या ने विद्यार्थियों को बहुत - बहुत बधाई दी। राष्ट्र गान के साथ सफल आयोजन का समापन हुआ।






# स्टोन पंटिंग प्रतियोगिता

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्यों द्वारा अपनी शीतकालीन जनवरी माह की छुट्टियों के दौरान स्टोन पेंटिंग की प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसका प्रमुख उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति विभिन्न उपायों के द्वारा समाज को एक स्पष्ट संदेश देना था कि सड़क सुरक्षा व्यक्ति के जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण होता है और नियमों का पालन कर सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को काम किया जा सकता है। स्टोन पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का परिणाम 23 फरवरी को निकाला गया। जिसमें कशिश शर्मा बी.ए प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 24MS 01, ने प्रथम पुरस्कार, मानवी बी.ए प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 24MS 02, ने द्वित्तीय पुरस्कार शिया बी कॉम तृतीय वर्ष, अनुक्रमांक 23BC23 ने तृतीय और तान्या बी.ए द्वितीय वर्ष अनुक्रमांक 24 PS 01 ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। विजेताओं को प्राचार्या ने ढेरों शुभकामनायें देते हुए उनके चित्रकला के हुनर की सराहना की।





# शपथ ग्रहण कार्यक्रम

6 फरवरी 2026 को में डरोह में मुख्य मंत्री द्वारा 'मैं भी चिट्टे के खिलाफ' शपथ दिलाई गयी जिसमें राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के छात्र महाविद्यालय की प्राचार्या और वरिष्ठ प्राध्यापक के साथ उपस्थित रहे। यह जानकर अच्छा लगा कि युवा पीढ़ी नशे जैसी गंभीर समस्या के खिलाफ एकजुट हो रही है। हिमाचल प्रदेश में "चिट्टे" के खिलाफ चलाया जा रहा यह अभियान राज्य के भविष्य को सुरक्षित रखने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह गरिमामयी शपथ ग्रहण समारोह कांगड़ा जिले के डरोह  स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया था। "मैं भी चिट्टे के खिलाफ" अभियान का मुख्य लक्ष्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज से इस बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए जन-आंदोलन खड़ा करना है। मुख्यमंत्री ने छात्रों और उपस्थित जनसमूह को न केवल स्वयं नशे से दूर रहने, बल्कि दूसरों को भी इसके प्रति सचेत करने की शपथ दिलाई। राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के छात्रों की इस कार्यक्रम में उपस्थिति दर्शाती है कि शैक्षणिक संस्थान न केवल किताबी ज्ञान, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति भी सजग हैं। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक डरोह पहुंचकर इस राज्य-स्तरीय अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होने से छात्रों में आत्मविश्वास आता है और वे अपने गांव व आसपास के क्षेत्रों में 'एंटी-ड्रग एंबेसडर' के रूप में कार्य कर सकते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने कहा इस तरह के अभियान तभी सफल होते हैं जब छात्र इसे कॉलेज कैंपस और अपने घरों तक ले जाएं।



# छात्र संवाद

शिवनगर महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए विद्यालय में आयोजित  संवाद कार्यक्रम शिक्षा और सामुदायिक विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और बुनियादी स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना और छात्रों का मार्गदर्शन करना होता है। शिवनगर महाविद्यालय के 'करियर काउंसलिंग सेल' के तत्वावधान में महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए विद्यालय (खैरा, पपलाहा, धाट्टी, कोटलु) में एक विशेष संवाद एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों के शैक्षणिक स्तर में सुधार करना और उन्हें भविष्य की संभावनाओं के प्रति जागरूक करना था। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने छात्रों को सरल और रोचक तरीके से कठिन विषयों को समझने के गुर सिखाए। छात्रों को नियमित पढ़ाई और समय प्रबंधन के महत्व के बारे में बताया गया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम के महत्त्व को बताते हुए महाविद्यालय के प्राचार्या ने कहा एक गोद लिया हुआ विद्यालय केवल एक प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हमारे लिए भविष्य की पीढ़ी को गढ़ने का एक अवसर है। हम निरंतर संवाद के माध्यम से यहाँ के छात्रों की हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध हैं। संवाद के साथ-साथ महाविद्यालय के छात्र स्वयंसेवकों ने 'स्वच्छ भारत' और 'मैं भी नशे के खिलाफ', 'स्टेट्सटिक्स' जैसे विषयों पर भी जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने शिवनगर महाविद्यालय का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि इस प्रकार के नियमित संवाद से ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में गुणात्मक वृद्धि होगी।





# रोजगार मेला

आज के समय में रोजगार न केवल जीविका का साधन है, बल्कि यह व्यक्ति के आत्म-सम्मान और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। रोजगार केवल पैसा कमाने का जरिया नहीं है, इसके व्यापक सामाजिक और आर्थिक प्रभाव होते हैं। व्यक्ति अपनी और अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बनता है। कार्यस्थल पर व्यक्ति नए तकनीकी और व्यावहारिक गुण सीखता है। एक सार्थक काम करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्ति समाज में सम्मानित महसूस करता है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। रोजगार मेला एक ऐसा मंच है जहाँ नियोक्ता और रोजगार चाहने वाले एक ही छत के नीचे मिलते हैं। यह निजी संस्थाओं द्वारा आयोजित किया जाता है ताकि कुशल युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार तुरंत अवसर मिल सकें। राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित हुए रोजगार मेले में राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के छात्र-छात्राओं ने अपनी किस्मत आजमाई और इसमें 12 विद्यार्थियों को सफलता हाथ लगी। ये 12 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों में किया गया। चयनित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की प्राचार्या ने बधाई देते हुए भविष्य की शुभकामनायें दीं और कहा की इन्होंने महाविद्यालय का नाम रौशन किया है।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 107 | Kanika | Anil Kumar | 8219461380 | GC Palampur | BBA | Just Dial |
| | | | 9.Brother Infotech | | | |
| 108 | Sejal | Jyothi Parkash | 7018995421 | Gc Shivnagar | BA Final | Brother Infotech |
| 109 | Vansh Rana | Ashok Kumar | 6230328551 | Gc Shivnagar | BA Final | Brother Infotech |
| 110 | Suhana | Inderpal Singh | 7060756837 | GC Palampur | BA Final | Brother Infotech |
| 111 | Priti | Ashok Kumar | 8894575384 | GC Palampur | BA Final | Brother Infotech |
| 112 | Anjali | Kamlesh Kumar | 9317902441 | GC Palampur | BA Final | Brother Infotech |
| 113 | Ritika Katoch | Prawad Katoch | 8629886059 | GC Baijnath | B.sc Final | Brother Infotech |

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

राजकीय महाचिद्यालय शिवनगर, कांगड़ा के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा दिनांक 21 फरवरी 2026 को महाविद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना तथा यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करना था। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्सातपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सड़क संकेतों, यातायात नियमों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व तथा दुर्घटना रोकथाम से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में निम्नलिखित विद्यार्थी विजेता रहे-

प्रथम स्थान टीम A (देवांशी, विनीत, मानवी )

द्वितीय स्थान टीम B (पल्लवी, तमन्ना, पलक )

तृतीय स्थान टीम C (सोनाक्षी, सुहानी, पलक)

सांत्वना पुरस्कार - टीम D (आंचल, सुमन, तमन्ना) कुल 09 विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु महाविद्यालय प्रशासन, सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्यों तथा सभी प्रतिभागियों का धन्यबाद क्लब के संयोजक डा. उज्ज्वल सिंह द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत सफल रहा। इस कार्यक्रम में 44 सदस्यों ने भाग लिया सभी को रिफ्रेशमेंट दी गई।






# स्टेटसटिक्स जागरूकता अभियान

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में एस. एस. एस. स्कीम के तहत हिमाचल प्रदेश सरकार का सांख्यिकी विभागा और शिवनगर महाविद्यालय का वाणिज्य विभाग मिलकर आकड़ों के उपयोग के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। इस कार्यक्रम की संयोजक प्रो. शिखा धरवाल ने आज 9 मार्च 2026 को समापन सत्र में सभी का स्वागत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही और उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए जीवन में आकड़ों का महत्त्व बताया। महाविद्यालय के प्रो. ओंकार चंद मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे जिन्होंने अपने व्याख्यान में आकड़ों के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अभियान की शुरुआत 21 फरवरी 2026 को हुई थी। 25 फ़रवरी को डाटा हंट चैलेंज रखा गया जिसमें 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। 26 फरवरी को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई जिसमें 45 विद्यार्थी उपस्थित रहे। 27 फरवरी को आकड़ों से सम्बंधित मीम बनाकर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता को दिखाते हुए सीखने के नए तरीके सीखे।28 फरवरी को विद्यार्थियों को एक्सल पर सरकारी आकड़ों का प्रयोग करना सीखाते हुए विद्यार्थियों के ज्ञान में नया अनुभव जोड़ा। 7 मार्च को वाणिज्य विभाग की डॉ. नीतिका शर्मा का वक्तव्य छात्र - छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी रहा। प्राचार्या ने बताया की यह पहल विद्यार्थियों में नवीन कौशल को बढ़ावा देकर उन्हें वर्तमान समय की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेगी। इस कार्यक्रम की संयोजक प्रो. शिखा धरवाल ने 9 मार्च 2026 को समापन सत्र में सभी का स्वागत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही और उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए जीवन में आकड़ों का महत्त्व बताया। अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय की अनुसंधान अधिकारी डॉ. शिल्पा डोगरा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे जिन्होंने अपने व्याख्यान में आकड़ों के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए।



# महिला दिवस

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में दिनांक 6 मार्च 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रेड रिबन क्लब और महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के  सहयोग से महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। एन. एस. एस. के संयोजक डॉ. योगेश पाण्डेय और रेड रिबन क्लब की संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा ने कार्यक्रम में अभी का स्वागत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने सभी को महिला दिवस की बधाई देते हुए महिलाओं के चहुमुखी विकास पर जोर देते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मविश्वास को स्त्रियों के सपनों के लिए जरूरी बताया और साथ मिलकर समाज को प्रगति पर ले जाने की बात कही। डॉ. नीतिका शर्मा ने भी महिला दिवस का इतिहास बताते हुए सुन्दर गीत प्रस्तुत किया। डॉ. उज्ज्वल सिंह और डॉ योगेश पाण्डेय ने  कविता और प्रो. ओंकार ने इतिहास के झरोखे से स्त्रियों के योगदान को रेखांकित किया। विद्यार्थियों में पलक और कृषिका ने काव्यपाठ और पायल ने गीत प्रस्तुत किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।






# रैंप वॉक

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में दिनांक 03 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रेड रिबन क्लब द्वारा एच.आई.वी. रोकथाम जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संगीता सिंह ने एच. आई. वी जागरूकता अभियान में सभी के शामिल होने की अपील की और एड्स से सम्बंधित कुछ प्रमुख मुद्दों को विद्यार्थियों के सम्मुख रखा। 'एलिमिनेशन ऑफ़ वर्टीकल ट्रांसमिशन ऑफ़ एच.आई.वी. एंड सिफिलिस (EVTHS) थीम के अंतर्गत कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा ने रैंप वॉक प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक वेशभूषा पहन कर रैंप वॉक किया और एच.आई.वी. जागरूकता सम्बंधित पोस्टर और कार्ड का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मानवी और सिया, द्वितीय स्थान पर सेजल और वंश तथा तृतीय स्थान पर देवांशी रहीं। प्राचार्य महोदया ने सफल आयोजन की सराहना करते हुए विजेताओं को बधाई दी।






# वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का 'वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह' 15 मार्च 2026 को अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आयुष, युवा एवं खेल मंत्री आदरणीय ई. यादविंद्र गोमा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और राष्ट्र गीत के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने लोक नृत्य, समूह गान और नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में कॉलेज की प्रगति का विवरण दिया गया। समारोह के मुख्य आकर्षण का केंद्र वे विद्यार्थी रहे जिन्होंने वर्ष भर कड़ी मेहनत की और जिन्हें विभिन्न श्रेणीयों में पुरस्कार वितरित किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पुरस्कार केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि भविष्य की बड़ी जिम्मेदारियों के लिए प्रोत्साहन है। उन्होंने युवाओं से अनुशासन और निरंतर सीखने की भावना बनाए रखने का आह्वान किया और अनेक पहलों को शुरू किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। अंत में सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। यह आयोजन महाविद्यालय के इतिहास में एक और सफल अध्याय के रूप में दर्ज हो गया।



# संपादक





**प्रो ०विवेका नन्द शर्मा**
**सहायकाचार्य संस्कृत**

**डॉ ० योगेश पांडेय**
**सहायकाचार्य हिन्दी**